मुख्यमंत्री निवास पर मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

चर्चा में क्यों?

2 मई, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी दिवस पर मुख्यमंत्री निवास परिसर में बेटियों के सम्मान, मार्गदर्शन और संवाद पर केंद्रित राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को 'हाँ मैं भी लाड़ली हूँ'की टेगलाईन देते हुए घोषणा की कि लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का मेडिकल, आई.आई.टी., आईआईएम, विधि संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश होने पर उनकी फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जाएगी।
- लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के लिये प्रदेश में 9 से 15 मई की अवधि में शहर और पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाएगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना के प्रभावी मूल्यांकन पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया और लाड़ली बालिकाओं को सम्मान और प्रमाण-पत्र वितरित किये। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली घोषित ग्राम पंचायतों को पुरस्कार भी प्रदान किये गए।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों में भोपाल की ग्राम पंचायत रानी खजूरी की सरपंच आनंदी बाई यादव, ग्राम पंचायत भाटनी ज़िला विदिशा की सरपंच कैलाश बाई, सीहोर की ग्राम पंचायत फूडरा के सरपंच तेज सिंह चौहान, रायसेन की ग्राम पंचायत सीयर मऊ के सरपंच रमेश शाह और राजगढ़ की ग्राम पंचायत छापरा के सरपंच कैलाश राजपूत को शॉल तथा प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।
- उल्लेखनीय है कि ऐसी ग्राम पंचायतें जहाँ लाड़लियों का सम्मान हो, शत-प्रतिशत बालिकाएँ स्कूल में प्रवेशित हो, सभी का टीकाकरण हो, कोई बेटी कुपोषित नहीं हो, कोई बालिका अपराध नहीं हो और जहाँ बाल विवाह नहीं हो, उन पंचायतों को लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायत घोषित किया जाता है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली लाड़ली बालिकाओं में झाबुआ की मुस्कान भूरिया को तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक, सिवनी की हिमिनी बघेल को राज्य स्तर पर इंस्पायर अवार्ड, रतलाम की केशवी तिवारी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कराटे में और रतलाम की ही भव्या को खो-खो में राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धि के लिये ट्राफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।
- भोपाल की अनुष्का दुबे ने ताइक्वांडो में ओपन नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, उनके प्रवास पर होने के कारण उनकी बहन ने मुख्यमंत्री से ट्राफी और प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने तीन बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladli-laxmi-festival-celebrated-at-chief-minister-s-residence